आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | ↑ 39.9° | ↓ 27.2° |
| इंदौर | ↑ 38.9° | ↓ 26.0° |
| ग्वालियर | ↑ 39.8° | ↓ 25.1° |
| जबलपुर | ↑ 40.3° | ↓ 25.0° |

सूर्योदय- 5.35 सूर्यास्त-7.04

दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




उसी जज्बे के साथ बल्लेबाजी... 11


वर्ष- 76 ( भोपाल: वर्ष 38 अंक 183, पृष्ठ 12 ) रविवार 4 जून 2023 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 www:naiduniaonline.com


# ट्रेन हादसाः मौत का आंकड़ा 288 पर पहुंचा

## आठ सौ से अधिक घायल, प्रधानमंत्री मोदी ने घटना स्थल का लिया जायजा





बालासोर (एजेंसी)।

**ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार शाम को हुए एक दर्दनाक रेल हादसे में अब तक 288 से लोगों की मौत की खबर आ चुकी है। वहीं 803 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। दरअसल कोरोमंडल एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसके बाद यह दूसरी लाइन पर सामने से आ रही एक अन्य ट्रेन से टकरा गई। जिस वजह से ये दर्दनाक हादसा हुआ।**

हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। साउथ ईस्टर्न जोन के कमिश्नर रेलवे सेफ्टी एएम चौधरी इस बड़ी ट्रेन दुर्घटना की जांच करेंगे। पीएम मोदी ने शनिवार को घटनास्थल का दौरा करते हुए घटनास्थल पर चल रहे राहत-बचाव कार्य का भी जायजा लिया। इसके बाद पीएम कटक के उस अस्पताल भी गए जहां ज्यादातर घायलों का इलाज चल रहा है। रेलवे ट्रैक की बहाली की दिशा में काम कर रहा है। मैंने घायल पीड़ितों से मुलाकात की है। पीएम मोदी प्रेस से बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि, अनेक राज्यों के नागरिकों ने इस यात्रा में कुछ न कुछ गंवाया है। जिन लोगों ने अपना जीवन खोया है, यह बहुत बड़ा दर्दनाक और वेदना से भी परे मन को विचलित करने वाला है। जिन परिवार जनों को इंज्युरी हुई है, उनके लिए भी, सरकार उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। जो परिजन हमने खोए हैं, वो वापस नहीं लाय पाएंगे, लेकिन सरकार उनके दुख में, परिजनों के दुख में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए यह घटना अत्यंत गंभीर है। हर प्रकार की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसको सख्त से सख्त सजा हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ओडिशा सरकार, यहां के प्रशासन के सभी अधिकारियों ने इस परिस्थिति में, अपने पास जो भी संसाधन थे, लोगों की मदद करने का प्रयास किया। यहां के नागरिकों का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं, उन्होंने इस संकट की घड़ी में, चाहे ब्लड डोनेशन का काम हो, चाहे रेसक्यू ऑपरेशन में मदद की बात हो, जो भी उनसे बन पड़ता था, उन्होंने करने का प्रयास किया। खास तौर पर इस क्षेत्र के युवकों ने रात भर मेहनत की है। मैं इस क्षेत्र के नागरिकों का भी आदरपूर्वक नमन करता हूं। उनके सहयोग के कारण ऑपरशन को तेज गति से आगे बढ़ा पाए। %%रेलवे ने पूरी शक्ति, पूरी व्यवस्थाएं रेस्क्यू ऑपरेशन में, आगे रिलीफ के लिए और जल्द से जल्द ट्रैक रीस्टोर हो, यातायात का काम तेज गति से फिर से हो, इन तीनों दृष्टि से सुविचारित रूप से प्रयास आगे बढ़ाया ।प्रधानमंत्री ने कहा, %एक दुख की घड़ी में मैं आज स्थान पर जाकर देखकर आया हूं, अस्पताल में भी जो घायल नागरिक थे उनसे मैंने बात की है। मेरे पास शब्द नहीं हैं इस वेदना को प्रकट करने के लिए। परमात्मा हम सबको शक्ति दे कि हम जल्द से जल्द इस दुख की घड़ी से निकलें।

रेल हादसे में घायलों को इलाज के लिए गोपालपुर, कांतापाडा, बालासोर, भद्रक और सोरो के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनो ट्रेनों में करीब 3500 के आसपास यात्री यात्रा कर रहे थे जानकारी के मुताबिक अभी भी राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पटरी से उतरे डिब्बों में कई लोग फंस गए और स्थानीय लोग उन्हें बचाने के लिए आपातकालीन सेवा कर्मियों की मदद कर रहे थे, लेकिन अंधेरा होने की वजह से अभियान में दिक्कतें आईं। मुख्य सचिव प्रदीप जेना के मुताबिक 7 एनडीआरएफ, 5 ओडीआरएएफ और 24 फायर सर्विस यूनिट, स्थानीय पुलिस, वालिंटियर खोज और बचाव में खूब मशक्कत कर रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि घायलों के उपचार की कोशिश जारी है। साथ ही कहा कि इस भयानक हादसे की जांच हाई लेवल कमेटी करेगी और सीआरएस भी इंडिपेंडेंट जांच करेंगे। किस कारण से ये हादसा हुआ, ये पता लगाया जाएगा। फिलहाल फोकस अभी रेस्क्यू पर है। हादसा कैसे हुआ, इस बारे में तो इंक्वायरी के बाद पता चलेगा।

करीब इस रूट से गुजरने वाली 92 और दूसरी ट्रेनों पर रेल हादसे का असर पड़ा है। नतीजतन 43 ट्रेन रद्द की कर दी गई। वहीं 38 ट्रेनों का रुट डायवर्जन कर दिया गया। जबकि 9 ट्रेन टर्मिनेशन की गई है। इसके अलावा एक ट्रेन रिशिड्यूल की गई।

### ओडिशा में राजकीय शोक की घोषणा

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ट्रेन हादसे के बाद राज्य दिवस समारोह रद्द करते हुए एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। ट्रेन हादसे को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज ओडिशा का दौरा कर सकती हैं। रेलवे के खड़गपुर डिवीजन के डीआरएम के अनुसार, रेल हादसा होने के बाद कम से कम 13 ट्रेनें या तो डायवर्ट की गई हैं या फिर रद्द कर दी गई हैं।

**मुंबई-गोवा वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन समारोह रद्दः** रेल हादसा होने पर शनिवार की सुबह होने वाला मुंबई-गोवा वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन समारोह रद्द कर दिया गया है। इस ट्रेन को पीएम मोदी हरी झंडी दिखाने वाले थे। समारोह सुबह साढ़े दस बजे होना था। इस ट्रेन हादसे का शिकार हुए कई लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है। ऐसे में स्थानीय लोग ब्लड डोनेट करने के लिए पहुंच चुके हैं। नतीजतन ब्लड डोनेट करने वालों की लंबी कतार लग गई है।

**परिवारों को सौंपे जा रहे हैं मृतकों के शवः** ओडिशा मुख्य सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि शिनाख्त किए गए शवों को या तो उनके परिजनों को सौंप दिया जा रहा है। अज्ञात लोगों के लिए वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा के बालासोर में शनिवार को उस स्थल का दौरा किया ।

**सीएम ममता बनर्जी ने किया घटनास्थल का दौराः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटनास्थल का दौरा किया। रेल मंत्री के सामने ममता बनर्जी ने कहा कि इस हादसे की गहनता से जांच हो। बंगाल सीएम ने राज्य के प्रत्येक प्रभावित परिवार को 5 लाख की वित्तीय सहायता की घोषणा की। पश्चिम बंगाल सरकार ने ओडिशा में 110 एम्बुलेंस और 40 डॉक्टर भेजे हैं और संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करना जारी रखेगी। हादसे वाली जगह पर पहुंचीं ममता बनर्जी ने रेलमंत्री के सामने कहा ट्रेन में एंटी कॉलिजन सिस्टम नहीं था। यह हादसा सदी का सबसे बड़ा हादसा है। बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा, ''यह इस सदी का सबसे बड़ा ट्रेन हादसा है और इसकी उचित जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, इसके पीछे जरूर कुछ होगा। सच्चाई सामने आनी ही चाहिए। रेलगाड़ियों को टकराने से रोकने की प्रणाली ने काम क्यों नहीं किया। बनर्जी ने हादसे में मारे गए पश्चिम बंगाल के यात्रियों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। उन्होंने रेलवे और ओडिशा सरकार को भी पूरी मदद मुहैया कराने की पेशकश की। उन्होंने कहा, हमने 70 एंबुलेंस, 40 चिकित्सक और नर्स घायलों की मदद के लिए पहले ही भेज दिए हैं। रेल हादसे में घायलों को इलाज के लिए गोपालपुर, कांतापाडा, बालासोर, भद्रक और सोरो के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक अभी भी राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पटरी से उतरे डिब्बों में कई लोग फंस गए और स्थानीय लोग उन्हें बचाने के लिए आपातकालीन सेवा कर्मियों की मदद कर रहे थे, लेकिन अंधेरा होने की वजह से अभियान में दिक्कतें आईं। स्थानीय पुलिस, वालिंटियर खोज और बचाव में खूब मशक्कत कर रहे हैं। भीषण ( शेष पेज 2 पर )



प्रधानमंत्री मोदी ने अस्पताल में घायलों और इलाज में लगे डॉक्टरों से भी बात की।

### दर्दनाक और विचलित करने वाला, जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी घटना को दर्दनाक और विचलित करने वाला बताया और साथ ही कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त सजा होगी। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि घायलों की मदद करने के लिए आसपास के लोगों का शुक्रिया करता हूं। साथ ही साथ उन्होंने ओडिशा सरकार का भी धन्यवाद कहा। पीएम मोदी ने कहा कि यह एक दर्दनाक घटना है। सरकार घायलों के इलाज के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह एक गंभीर घटना है, हर कोण से जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि दोषी पाए जाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। रेलवे ट्रैक बहाली की दिशा में काम कर रहा है। मैंने घायल पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कल शाम को एक भयंकर हादसा हुआ, असहनीय वेदना मैं अनुभव कर रहा हूं। इस यात्रा में अनेक राज्यों के नागरिकों ने कुछ न कुछ गंवाया है। कई लोगों ने अपना जीवन खोया है। जिन परिवारजनों को इंजरी हुई है, सरकार उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो परिजन हमने खोये हैं, वो तो वापस नहीं लौट पाएंगे, लेकिन सरकार उनके परिजनों के दुख में उनके साथ है। सरकार के लिए यह घटना अत्यंत गंभीर है। हर प्रकार की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जो भी दोषी पाया जाएगा उसको सख्त से सख्त सजा होगी, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं ओडिशा सरकार और यहां के प्रशासन के सभी अधिकारियों का, जिन्होंने इस तरह की परिस्थिति में, उनके पास जो भी संसाधन थे, लोगों की मदद करने का प्रयास किया। मैं यहां के नागरिकों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं इस दुख की घड़ी में घटनास्थल पर जाकर देखकर आया हूं। अस्पताल में जो घायल नागरिक थे, उनसे मैंने बात की है। मेरे पास इस वेदना को प्रकट करने के लिए शब्द नहीं है, लेकिन परमात्मा हम सबको शक्ति दे कि जल्द से जल्द हम इस दुख की घड़ी से निकलें।

### हादसे की प्राथमिक जांच में निष्कर्षः कोरोमंडल एक्सप्रेस मुख्य मार्ग के बजाय 'लूप लाइन' पर चली गई थी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भीषण रेल हादसे की प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि दुर्घटनाग्रस्त हुई कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन बाहानगा बाजार स्टेशन से ठीक पहले मुख्य मार्ग के बजाय 'लूप लाइन' पर चली गई और वहां खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई। समझा जाता है कि बगल की पटरी पर क्षतिग्रस्त हालत में मौजूद कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बों से टकराने के बाद बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के डिब्बे भी पलट गये। सूत्रों ने बताया कि कोरोमंडल एक्सप्रेस की रफ्तार 128 किलोमीटर प्रति घंटा, जबकि बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस की गति 116 किमी प्रति घंटा थी। रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेल की 'लूप लाइन' एक स्टेशन क्षेत्र में निर्मित की जाती है और इस मामले में यह बाहानगा बाजार स्टेशन है। इसका (लूप लाइन का) उद्देश्य परिचालन को सुगम करने के लिए अधिक ट्रेनों को समायोजित करना होता है। लूप लाइन आमतौर पर 750 मीटर लंबी होती है ताकि कई इंजन वाली लंबी मालगाड़ी का पूरा हिस्सा उस पर आ जाए।

## विश्व नेताओं ने ट्रेन हादसे में लोगों की मौत पर जताया दुख

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को भीषण ट्रेन हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई और 900 से ज्यादा लोग घायल हो गए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सहित विश्व नेताओं ने शनिवार को ओडिशा ट्रेन हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है। पुतिन ने बालासोर में घातक ट्रेन दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी संवेदना भेजी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, हम इस दुखद दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। जापान के प्रधानमंत्री किशिदा ने ट्रेन हादसे के बाद प्रधानमंत्री मोदी को एक शोक संदेश भेजा, जिसमें लिखा, ओडिशा में ट्रेन हादसे में कई कीमती लोगों की मौत और लोगों के घायल होने के खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। जापान सरकार की ओर से मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने हादसे में अपनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना करता हूं। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में कनाडा के लोग भारत के लोगों के साथ खड़े हैं। पीएम ट्रूडो ने ट्वीट किया, ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना की तस्वीरों और खबरों ने मेरा दिल तोड़ दिया। मैं उन लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त कर रहा हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के जल्द स्वास्थ होने की कामना करता हूं। इस मुश्किल समय में कनाडा के लोग भारत के लोगों के साथ खड़े हैं। ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने भी ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, ताइवान भारत में ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा है। मैं पीड़ितों ( शेष पेज 2 पर )

## ब्रिक्स समूह के विस्तार का काम अभी भी जारी हैः जयशंकर



**जोहानिसबर्ग ( एजेंसी )। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि ब्रिक्स समूह के विस्तार का काम अभी भी जारी है और पांच देशों के समूह के सदस्य सकारात्मक उद्देश्य और खुले दिमाग से इस संबंध में विचार कर रहे हैं।**

केपटाउन में बृहस्पतिवार की शाम ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जयशंकर ने कहा कि इन देशों के नेताओं ने पिछले साल उनसे इस तरह के कार्य के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत, मानक, मानदंड और प्रक्रिया तैयार करने को कहा था। उन्होंने कहा कि अभी भी कार्य प्रगति पर है। हम खुले दिमाग से सकारात्मक इरादे के साथ इस ओर बढ़ रहे हैं। इसके कई पहलू हैं। इसके एक पहलू के तहत यह देखना है कि मौजूदा ब्रिक्स सदस्य एक-दूसरे के साथ कैसे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा पहलू यह है कि ब्रिक्स गैर-ब्रिक्स देशों को कैसे जोड़ता है। जयशंकर ने कहा कि इसका तीसरा पहलू यह है कि हम ब्रिक्स के संभावित विस्तार को कैसे देखते हैं - इसके लिए उपयुक्त प्रारूप क्या होगा, इस पर भी हमें काम करने की ( शेष पेज 2 पर )

## द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर फोकस, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका और जर्मनी के समकक्षों संग करेंगे बैठक

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** राजनाथ सिंह 5 जून को अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ बैठक करेंगे। वह 4 जून से भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार राजनाथ सिंह अगले सप्ताह अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन और जर्मन संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ बैठक करेंगे। राजनाथ सिंह 5 जून को अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ बैठक करेंगे। वह 4 जून से भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। राजनाथ सिंह 6 जून को जर्मन संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ बातचीत करेंगे, जो चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहे हैं। दोनों बैठकों के दौरान औद्योगिक सहयोग पर फोकस के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। बोरिस पिस्टोरियस 5 जून से भारत की चार दिवसीय यात्रा पर ( शेष पेज 2 पर )

## कर्नाटक में चुनावी गारंटी के कार्यान्वयन से जुड़ी योजना में स्पष्टता का अभावः भाजपा

**मंगलुरु ( एजेंसी )। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की कर्नाटक इकाई ने शुक्रवार को राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस से प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र लाने और पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए पांच वादों को लागू करने के लिए राजस्व के स्रोत के बारे में बताने को कहा।**

मंगलुरु में संवाददाताओं से मुखातिब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और दक्षिण कन्नड़ क्षेत्र के सांसद नलिन कुमार कटील ने कहा कि चुनावी गारंटी के कार्यान्वयन से जुड़ी कांग्रेस सरकार की योजना में स्पष्टता का अभाव है। उन्होंने कहा कि चुनावी गारंटी के कार्यान्वयन से जुड़ी योजना का विवरण लोगों के सामने स्पष्ट किया जाना चाहिए। गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) के परिवारों को 10 किलोग्राम चावल मुफ्त देने की राज्य सरकार की योजना के बारे में कटील ने यह जानना चाहा कि 10 किलो चावल केंद्र द्वारा पहले से दिए जा रहे पांच किलोग्राम चावल के अतिरिक्त मिलेगा या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सिर्फ कर्नाटक में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए चुनावी गारंटी लागू कर रही है, तो राज्य को गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गारंटी के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार को जनता को राजस्व के स्रोतों से अवगत कराना ( शेष पेज 2 पर )

## भारत को लेकर वैकल्पिक सोच के लिए विपक्ष मिलाएगा हाथ :राहुल



**वाशिंगटन ( एजेंसी )। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यहां भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्यों से शुक्रवार को कहा कि भारत में इस समय दो विभिन्न विचारधाराओं के बीच लड़ाई' चल रही है और उन्होंने भरोसा जताया कि देश को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सोच का विकल्प मुहैया कराने वाले नजरिए के लिए सभी विपक्षी दल हाथ मिलाएंगे।**

उन्होंने कहा कि वह जब गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात करते हैं, तो वह हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि हमारा मिलकर साथ लड़ना जरूरी है।आत्मविश्वास से लबरेज गांधी ने यहां उनके सम्मान में आयोजित एक स्वागत समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों से कहा, मीडिया में कई लोगों को भाजपा और आरएसएस को हकीकत से अधिक महत्वपूर्ण दिखाना पसंद है। कृपया हिमाचल प्रदेश चुनाव को देखिए। कृपया कर्नाटक चुनाव को देखिए। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव होने वाले हैं, उन चुनावों को देखिए और आप पाएंगे कि कांग्रेस पार्टी भाजपा को हराने में पूरी तरह सक्षम है। गांधी ने वाशिंगटन डीसी और इसके आस-पास से आए भारतीय अमेरिकियों के एक विविध समूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम साथ मिलते हैं और आम तौर पर अलग-अलग दल के रूप में लड़ते हैं, लेकिन हम पटल पर भारत के लिए एक वैकल्पिक सोच को रखकर लड़ते हैं और हम इसी पर काम कर रहे हैं। सभी विपक्षी दल बातचीत कर रहे हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह बातचीत बहुत प्रभावशाली तरीके से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कियह हमारे देश को लेकर दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक हमारे देश के शांतिपूर्ण, अहिंसक, सत्यवादी और विनम्र क्षेत्र होने संबंधी महात्मा गांधी का ( शेष पेज 2 पर )

## हाईकोर्ट से मंजूरी मिलने के बावजूद बीमार पत्नी से नहीं मिल सके सिसोदिया, पत्नी अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शनिवार को अपनी बीमार पत्नी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे,पर मुलाकात नहीं हो सकी। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति दी थी। हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक सिसोदिया अपनी पत्नी से सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मिल सकते हैं। सात घंटे की जमानत पर रिहा हुए मनीष सिसोदिया अपने घर पहुंचे लेकिन उससे पहले ही उनकी पत्नी को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा और उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। हालत बिगड़ने पर उन्हें एलएनजेपी अस्पताल ले जाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक मनीष सिसोदिया की पत्नी को तबीयत बिगड़ने पर लोकनायक जयप्रकाश हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।